NCERT SOLUTIONS

CLASS - 8TH



aglasem.com

Class : 8th
Subject : अर्थशास्त्र
Chapter : 7
Chapter Name : हाशियाकरण की समझ

Q1 'हाशियाकरण' शब्द से आप क्या समझते है? अपने शब्दों में दो तीन वाक्यो में लिखिए।

Answer.

- हाशियाकरण यानि किसी भी व्यक्ति को किनारे पे या हाशिये पर ढकेल दिया गया हो।
- किसी भी व्यक्ति या समूह को किसी कारण से केंद्र से अलग कर देने को हाशियाकरण कहते हैं।
- ऐसे व्यक्ति चीज़ों के केंद्र में नहीं रहते।
- किताब का वो शुरू का पन्ना जिसपर लिखा नहीं जाता उससे हाशिया कहते हैं।

Page : 92, Block Name : अभ्यास

Q2 अदिवासी लगातार हासिये पर क्यों खिसकते जा रहे है? दो कारण बताइए

Answer.

- बढ़ती आधुनिकता के कारण वनभूमि को लकड़ी या अन्य आवश्यकताओं के लिए साफ़ किया जा रहा है और क्योंकि आदिवासी वनभूमि में रहते है वे और दूर दराज़ के वनों में खिसकते जा रहे हैं, जिससे वे और हासिये पर जा रहे हैं।
- पूर्व समय से उनकी ज़मीनो पर सैन्य बलों की भरमार रही है ,इससे उनकी ज़मीनो पर असर पढता है और पर्याप्त सुरक्षा न होने के कारण वे इन ज़मीनो को छोड़ कर और दूर की ज़मीनो के तरफ जा रहे हैं, जिससे वे और हासिये पर बढ़ते जा रहे हैं।

Page : 92, Block Name : अभ्यास

Q3 आप अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा के लिए संवैधानिक सुरक्षाओं को क्यों महत्वपूर्ण मानते है? इसका एक कारण बताइये।

Answer.

- बहुसंख्यक समुदाय वाले लोग अल्पसंख्या वाले लोगो पर अपना वर्चस्व बना सकते हैं।
- बहुसंख्यक समुदाय के लोग बहुमत से अपनी मांगे सरकार से पूरी करवा सकते हैं।
- अल्पसंख्यक समुदाय के लोगो को इसका दुष परिणाम हो सकता हैं।
- इसीलिए अल्पसंख्यक समुदायों के लिए संवैधानिक सुरक्षाएं बहुत महत्वपूर्ण हैं।

Page : 92, Block Name : अभ्यास

Q4 अल्पसंख्यक और हाशियाकरण वाले हिस्से को दोबारा पढ़िए। अल्पसंख्यक शब्द से आप क्या समझते है।

aglasem.com

Answer. अल्पसंख्यक शब्द आमतौर पर ऐसे समुदायों के लिए इस्तेमाल किया जाता है जो संख्या की दृष्टि से बाकी आबादी के मुकाबले बहुत कम हैं।

Page : 92, Block Name : अभ्यास

Q5 आप एक बहस में हिस्सा ले रहे है जहाँ आपको इस बयान के समर्थन में तर्क देने है की 'मुसलमान हाशियाई समुदाय है'।इस अध्याय में दी गई जानकारियों के आधार पर दो तर्क पेश कीजिए।

Answer.

- समिति ने भारत में मुसलमानी समुदाय के सामाजिक,आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति का जायज़ा लिया।
- इस रिजॉर्ट से यह सामने आया की मुसलमानी समुदाय के आँकड़े हाशियाई अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति से मिलते जुलते हैं।
- मुसलमानी समुदाय के लोगो में अन्य समुदाय के लोगो की अपेक्षा साक्षरता भी काफी कम है।
- इन्ही कारणों की वजह से मुसलमान हाशियाई समुदाय हैं।

Page : 92, Block Name : अभ्यास

Q6 कल्पना कीजिये की आप टेलीविज़न पे 26 जनवरी की परेड़ देख रहे है।आपकी एक दोस्त आजके पास बैठी है। वह अचानक कहती है "इन आदिवासियों को तो देखो कितने रंग बिरंगे है लगता है सदा नाचते ही रहते है।उसकी बात सुनकर आप भारत में आदिवासियों के जीवन से संबंधित क्या बात उसको बताएंगे?उनमे से तीन बाते लिखिए।

Answer.

- आदिवासी समुदाय के लोग बाकी समुदाय के लोगो से काफी अलग होते उनमें उच्च नीच का भाव नहीं होता।
- आदिवासी समुदाय के लोगो में आम समुदाय के लोगो के मुकाबले ज़्यादा एकता होती है।
- वे प्रकृति की हर चीज़ के उपासना करते हैं और बिना साक्षरता के भी वे प्रकृति की वस्तुओं का उपयोग करके अपना इलाज स्वयं कर लेते हैं।

Page : 92, Block Name : अभ्यास

Q7 चित्रकथा पट्ट में आपने देखा की हेलेन होप आदिवासियों कि कहानी पर एक फिल्म बनाना चाहती है।क्या आप आदिवासियों पर एक कहानी बनाकर उसकी मदत कर सकते है।

Answer.

- आदिवासी पुराने समय से जंगलों में रहते आ रहे हैं।
- इनकी पोषाक रंग बिरंगी होती है और यह टोपी भी पहनते हैं।
- इन्हें नृत्य करना भी बहुत पसंद है।
- आदिवासी अपनी भाषा में बात करते हैं इनकी भाषा संस्कृत से बहुत अलग है पर उतनी ही पुरानी है।
- बांग्ला जो भारत की एक मुख्यधारा भाषा है इनके भाषा से बहुत प्रभावित हैं।

- इनके अपने धर्म है और यह प्रकृति की चीज़ों जैसे वृक्ष,पर्वत,नदी इत्यादि की उपासना करते हैं।
- जातिवाद पर आधारित समुदाय आदिवासी समुदायों से बहुत अलग है।
- इनके समुदायों में उच्च नीच का कोई भाव नहीं है।
- औपनिवेशिक शासन से पहले यह कोई चीज़ बनाकर या बुनकर और शिकार करके आजीविका चलते थे।
- यह स्थानांतर खेती करते थे और ज़्यादा तर एक ही जगह पे रह कर काम करते थे।
- पिछले 200 साल में आये गए आर्थिक बदलाव,निजी उद्योग और आधुनिकता के कारण इन्हें बागानों में,घरो में निर्माण स्थलों में काम करने के लिए ढकेला जा रहा है।

Page : 92, Block Name : अभ्यास

Q8 क्या आप इस बात से सहमत है कि आर्थिक हाशियाकरण और सामाजिक हाशियाकरण एक दूसरे से जुड़े हुए है?क्यों?

Answer.

- हाशियाकरण किसी एक दायरे में महसूस नहीं होता यह आर्थिक और सामाजिक यह दोनों दायरे समाज के कुछ तबको को हाशियाई महसूस करने पे विवश कर देते हैं।
- कुछ लोग अपने गरीबी के कारण सामाजित हैसियत में कमतर माने जाने की वजह से शेष लोगो की नज़र में कमतर नज़र आते हैं।
- कई बार हाशियाई समुदाय के लोगोको लोग दुश्मनी और डर के भाव से देखते हैं।
- फासले और अलग थलग किये जाने का यह एहसास उन्हें संसाधनो और मौको का फ़ायदा उठाने से रोकता है।
- इससे यह साबित होता है कि यही वे गरीब है यानि की आर्थिक हाशियाकरण में है तो उनका सामाजिक हाशियाकरण भी हो जाएगा।
- इसीलिए आर्थिक हाशियाकरण और सामाजिक हाशियाकरण एक दूसरे से जुड़े हुए हैं।

Page : 92, Block Name : अभ्यास

aglasem.com